कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

सूचना

आदेश संख्या - 26/2025

निर्देशानुसार, सूचित करना है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी में पारा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति हेतु **अधिसूचना संख्या 01/2023, आदेश संख्या 06, दिनांक 23.03.2023** जारी की गई थी तथा जिन अभ्यार्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन नहीं किया गया था उनके लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक आवेदक को आवेदन करने की **तिथि 01.11.2025 से 10.11.2025 तक** की गई है। इच्छुक आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पुरी तरह भरकर तथा अपने शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता प्रमाण पत्र लगाकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में **अंतिम तिथि 10.11.2025 को 04:00 बजे अपराह्न तक** कार्यालय में भेजें/जमा करें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जिन आवेदको ने पूर्व में आवेदन किया था, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अपूर्ण/अधुरे आवेदन को बिना किसी कारण बताये अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन का प्रपत्र **सिविल कोर्ट, मोतिहारी के वेबसाईट** districts.ecourts.gov.in/motihari से प्राप्त की जा सकती है।

31/10/25

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी ।

प्रपत्र

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है ।)

स्व अभिप्रमाणित
Photo

1. आवेदक का नाम :-

2.पिता/पति का नाम-

3. लिंग–

4. स्थायी पता (पंचायत / वार्ड / प्रखण्ड सहित)-

5 वर्तमान पता (पंचायत / वार्ड / प्रखण्ड सहित) -

6. शैक्षणिक योग्यता-

7. अन्य योग्यता/अनुभव .....

8. जन्मतिथि-

9. मोबाइल नंबर-

10.आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग)-

11. इच्छित तीन प्रखण्डों का नामः–1.....2.....3.....

12. क्या आपके विरूद्ध कोई मुकदमा लंबित है अथवा नहीं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण दें .....

तिथि-

स्थान-

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मै घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई सभी सूचनाएँ एवं जानकारी सत्य है। कोई भी दी गयी सूचना एवं जानकारी गलत पाये जाने पर इसकी सारी जिम्मेवारी मेंरी होगी।

तिथि-

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी ।

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

साक्षात्कार पत्र

स्व अभिप्रमाणित

Photo

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है ।)

अनुकमांक ----------(कार्यालय उपयोग के लिए)

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम ----------

2. पिता/पति का नाम ----------

3. जन्मतिथि ----------

4. स्थाई पता ----------

5. पत्राचार पता ----------

जिला - राज्य---

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान-

तिथि-

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

साक्षात्कार की तिथि---------- समय----------

स्थान ----------

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार

पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है ।)

विज्ञापन संख्या - DLSA-01/2023

कौन आवेदन दे सकता है:- ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिये कार्य करना चाहते है इनमें शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित) सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझे । पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिवक्ता छोड़कर) भी पुनः आवेदन दे सकते है।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य:- पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता विधिक सहायता के लिये पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौपें ।

जिले के सभी क्षेत्रों में पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा ।

पदों की संख्या- 200

पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवों या गाँवों के समूह में सेवा लेना है, अतः जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जाएगा।

आरक्षण:- क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना हैं तथा यह कोई सरकारी पद पर पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है। परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। यह पद एक वर्ष के लिये है।

शैक्षणिक योग्यता:- मैट्रिक ।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का स्व अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र की छाया प्रति लगाकर अधोहस्ताक्षरी के पास पंजीकृत डाक से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिविल कोर्ट, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, को भेजें। आवेदन के साथ पंजीकृत डाक टिकट लगा अपना स्वपता लिखा लिफाफा भेजें । आवेदक लिफाफे पर अपने **प्रखण्ड** का नाम अवश्य अंकित करें निर्देशानुसार आवेदन भेजने व प्राप्त होने की अंतिम तिथि **10/04/2023**

थी, जिसे बढ़ा कर आवेदन करने की **तिथि 01.11.2025 से 10.11.2025 तक** की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मानदेयः- बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के नियमानुसार परंतु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिये देय होगा, जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गाँव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए०डी०आर० केन्द्र में ले जाता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

सामान्य अनुदेशः- 1. आवेदक भारत का नागरिक हो। 2. स्वस्थ हो। 3. अच्छा चरित्र हो। 4. समाज सेवा में रूचि रखता हो । आवेदन भेजने का पताः- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिविल कोर्ट, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, पिन कोड 845401.

नोट- आवेदक, विहित प्रपत्र सिविल कोर्ट, मोतिहारी के वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/motihari से डाउनलोड कर सकते है।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी ।

प्रतिलिपि :

1. श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष **जिला विधिक सेवा प्राधिकार** पूर्वी चम्पारण।
2. श्रीमान् जिलाधिकारी –सह – उपाध्यक्ष,**जिला विधिक सेवा प्राधिकार**, पूर्वी चंपारण।
3. पुलिस अधीक्षक –सह –सदस्य, **जिला विधिक सेवा प्राधिकार**, पूर्वी चंपारण पूर्वी चंपारण।
4. जिला जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वी चंपारण को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में व्यापक प्रकाशन हेतु।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी, पूर्वी चंपारण। कृपया इस सूचना को व्यापक प्रसार के लिए वेबसाइट पर प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।
6. सचिव, जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन, जिला न्यायालय, पूर्वी चंपारण।
7. System Officer, जिला न्यायालय, पूर्वी चम्पारण को प्रति जिला न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु ।
8. सदस्य सचिव, बीएसएलएसए पटना ।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी ।